प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले एनसीसी और युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम के कैडेटों, स्वयंसेवियों, कलाकारों तथा जनजातीय समुदाय के अतिथियों से मुलाकात करेंगे। आज प्रधानमंत्री आवास पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रधानमंत्री उन कलाकारों से मुलाकात करेंगे जो पर्दे के पीछे रह कर काम कर रहे हैं। इस वर्ष के गणतंत्र दिवस समारोह में सांस्कृतिक विविधता और सैन्य–शक्ति का प्रदर्शन किया जाएगा। समारोह में संविधान की 75वीं वर्षगांठ और जन–भागीदारी की झांकी भी प्रस्तुत की जाएगी। इस वर्ष विभिन्न राज्यों और केंद्र सरकार की 31 झांकियों का मुख्य विषय होगा–स्वर्णिम भारत–विरासत और विकास।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल धर्मशाला से वर्चुअल माध्यम से बिलासपुर जिला के भगेड़ स्थित अपराजिता बालआश्रम के 17 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' से संवाद किया। यह बच्चे दो दिवसीय शैक्षिक और मनोरंजक भ्रमण पर गए है। इन बच्चों ने बीटिंग रिट्रीट समारोह देखने के बाद वाघा बोर्डर से बीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री से बातचीत की। दो दिवसीय भ्रमण के दौरान यह बच्चे अमृतसर, वाघा बोर्डर, स्वर्ण मंदिर, जलियावाला बाग और सांईस सिटी कपूरथला भी जाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने सभी अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के रूप में अपनाया है और उनकी देखभाल, शिक्षा और मनोरंजक गतिविधियों की जिम्मेदारी सरकार की है।

मंत्रिमंडल

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज धर्मशाला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होगी। बैठक के लिए सभी मंत्री और आला अधिकारी धर्मशाला पहुँच रहे हैं। बैठक में सरकार की ओर से कांगड़ा जिला के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं।

महांकुंभ

महाकुंभ में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु और तीर्थयात्री प्रयागराज पहुंच रहे हैं। चल रहे महाकुंभ के दौरान अब तक 10 करोड़ और 21 लाख से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। इस महीने की 13 तारीख से शुरू हुआ 45 दिवसीय महाकुंभ 26 फरवरी तक जारी रहेगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। हालांकि बीते कल प्रदेश के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्का हिमपात हुआ, जबकि शिमला, कुफरी व नारकंडा में बर्फ के हल्के फाहें गिरे। प्रदेश में मौसम साफ बने रहने और हिमपात व वर्षा कम होने के चलते इसके असर कृषि व बागवानी पर हो रहा है। लगभग 4 माह से कम वर्षा होने के कारण पौधों के सूखने और रवि फसल को नुकसान होने की स्थिती बनी हुई है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....
आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।
मुख्यमंत्री के हवाले से अमर उजाला लिखता है–तपोवन में देश का सबसे बड़ा कन्वेंशन सेंटर बनेगा, मेडिकल कॉलेजों में नई भर्तिया जल्द।

महाकुंभ पर दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–महाकुंभ में डुबकी लगाने वालों का आंकड़ा 10 करोड़ के पार। इसी खबर पर पत्र की अन्य सुर्खी है–शिमला के उद्यमी ने महांकुंभ के श्रद्धालुओं के लिए दिए 50 लाख।

दैनिक भास्कर की एक खबर है–मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना समेत 14 ने रेरा अध्यक्ष के लिए किया आवेदन, 31 मार्च को हो रहे रिटायर।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी–लाहौल, किन्नौर, कुफरी , नारकंडा और चांशल में बर्फबारी, शिमला में गिरे फाहें।

———————————————————————————————————